दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर
रायगढ़, शनिवार 02 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### खनिज निरीक्षक के तबादले के दूसरे ही दिन अफसर की शिकायत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** उत्तम खूंटे के दंतेवाड़ा तबादले के दूसरे ही दिन जिला खनिज अधिकारी राजेश मालवे की शिकायत कलेक्टर से की गई है। एससी, एसटी, ओबीसी महासंघ के जिला अध्यक्ष गिरीश पाटले ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम पर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें उसने बताया कि खनिज अधिकारी सामान्य वर्ग से हैं और छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को संलग्न कर नौकरी कर रहे हैं जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही इससे अनुसूचित जाति के पद और अधिकार का हनन हो रहा है। इनके जाति प्रमाण पत्र की जांच एवं छानबीन कराई जाएं। वर्षो से बिलासपुर में जमे खूंटे के तबादले के दूसरे ही दिन अचानक अफसर के खिलाफशिकायत होने से चर्चा शुरू हो गई है। वहीं तबादले के बाद गुरुवार को खूंटे के ऑफिस नहीं आने को लेकर भी चर्चा होती रही।

### पुत्र की मौत के सदमे में पिता ने की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** बेटे की संदिग्ध मौत के 2 माह बाद पिता ने खुदकुशी कर ली। रजगामार चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव के रहने वाले मंगल सिंह मंझवार 51 वर्ष ने घर के म्यांर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के दौरान घर में मृतक की पत्नी और बहू मौजूद थे जिन्होंने सूचना कोटवार को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच कार्यवाही शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। कोटवार गोवर्धन ने बताया कि कुछ माह पहले मृतक मंगल सिंह मझवार के बड़े बेटे राम प्रसाद की मौत संदिग्ध हालत में हुई थी। बेटे की मौत के बाद पिता की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगी और उसने घातक कदम उठा लिया।

### पुलिस और प्रशासन की टीम ने नाबालिक की शादी होने से बचाया

**जांजगीर- चाम्पा (आरएनएस)।** जिला के बिर्रा पुलिस और जैजैपुर परियोजना अधिकारी एवं पूरी टीम ने दिनांक 28.02.2019 दिन गुरुवार रात्रि मे किकि़रदा में बाल विवाह होने की सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर को मिला था। उक्त सूचना के आधार पर जांच हेतु साम को 6 बजे ग्राम किकिरदा गए । वहाँ पर गजानंद प्रसाद दुबे की पुत्री श्वेता दुबे जिसकी जन्मतिथि अंक सूची के आधार पर 08.06.2002 है, जो वर्तमान में 16 वर्ष 08 माह उम्र हो रही है । जिसकी शादी दिव्य कुमार त्रिपाठी पिता शेषराज त्रिपाठी ग्राम बिरकोर जिला महासमुंद के साथ हो रही है जो कि वास्तव में बाल विवाह अंतर्गत आता है । अतः उनके माता पिता से मिलकर उन्हें समझाईस दी गई कि लड़की के 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात ही आज बराती आने वाली थी मगर उनके द्वारा शादी रोकने के लिये सहमत हुए एवं महिला बाल विकास परियोजक जैजैपुर पर्यवेक्षक सुनीता नामदेव , प्रतिभा देवांगन, लक्ष्मी भारतेंदु, बसंत सिदार एवं अशोक बाई विजय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेवती चंद्रा, एवं धनेश्वरी चौहान एवं थाना बिर्रा से थाना प्रभारी आर. के. तोड़े, स उ नि ललित केशकर, प्र. आर. किशोर दीवान, आर. दीपेंद्र मधुकर साथ ही बालिका के माता पिता एवं स्वम बालिका श्वेता को शपत दिलाया गया 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही शादी करेगी। शादी स्थगित की गई।

### जंगली सुअर मारने बिछा रहा था बिजली तार, खुद करंट की चपेट में आया

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रतनपुर क्षेत्र के जूना शहर में जंगली सुअर मारने के लिए बिजली तार लगाने वाला ग्रामीण खुद करेंट की चपेट में आ गया, जिससे बुरी तरह झुलसकर उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ग्राम जूना शहर निवासी सुनील मरावी उर्फ गयाराम पिता पंचराम मरावी (40) खेती-किसानी करता था। इसके साथ ही वह जारवरों का शिकार भी करता था। वह तालाब के बांध में झोपड़ी बनाकर खेतों की रखवाली करता था। बीते मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे वह करेंट की चपेट में आ गया। इस बीच ग्रामीणों ने दोपहर करीब तीन बजे उसकी लाश को खेत में संदिग्ध हालत में देखा। इस घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। फिर उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को मरच्युरी में रखवा दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक ग्रामीण सुअर मारने के लिए जीआई तार के साथ ही बिजली तार लेकर गया था। इस दौरान वह खंभे से तार खींच रहा था। पुलिस के अनुसार हुकिंग करते समय वह खुद करेंट की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई।

# वनकर्मी की गला रेतकर हत्या, जाँच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रतनपुर क्षेत्र के मेलनाडीह निवासी दैनिक वेतनभोगी वनकर्मी की खुखरी से गला रेत कर हत्या करने का मामला सामने आया है। उसकी लाश कोरबा जिले के पाली क्षेत्र के दमिया स्थित जंगल में मिली है। पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



रतनपुर के मेलनाडीह निवासी रंगनाथ श्याम पिता चैन सिंह (35) खूंटाघाट के वन विभाग की नर्सरी में कार्यरत था। बुधवार की शाम वह अपने मामा घर जाने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ 4430 में निकला था। इसके बाद न तो वह अपने मामा घर पहुंचा और न ही वापस घर आया। गुरुवार की सुबह राहगीरों ने उसकी लाश कोरबा जिले के पाली क्षेत्र के दमिया-सरायपाली मार्ग में खून से लथपथ देखी। युवक की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी गई।

खबर मिलते ही पाली थाने के साथ ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। इस बीच उसके परिजन को घटना की जानकारी दी गई। मृतक की आंख में काले रंग का गमछा बंधा हुआ था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पहले गला घोंट कर उसकी हत्या करने की कोशिश की गई।

फिर बाद में धारदार हथियार से गला रेता गया होगा। जांच के दौरान पुलिस ने शव के पास खुखरी का कवर और शराब की खाली बोतल मिला है। पुलिस ने घटनास्थल के पास ही उसकी बाइक बरामद किया है। उसकी डिक्की से जॉब कार्ड व निर्माण कार्य के भुगतान संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। इस घटना के बाद रतनपुर व पाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने परिजन से प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसके परिचित व दोस्तों की जानकारी जुटाई। इसी आधार पर उसके साथ अंतिम बार देखे गए युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## पहली बार ओआरएम सीट से शुरू हुई 10वीं बोर्ड की परीक्षा



**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई। प्रथम दिन हिन्दी विशिष्ट और अंग्रेजी विशिष्ट की परीक्षा हुई। सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसी के साथ 2 मार्च से 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएगी।

परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे प्रारंभ हुई। हालांकि परीक्षार्थी सुबह साढ़े 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों में पहुंचने लगे। 9 बजे परीक्षार्थियों को कक्षों में प्रवेश दिया गया बाद उत्तरपुस्तिका वितरण की गई और माशिमं द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। पश्चात प्रश्नपत्र वितरित कर परीक्षा प्रारंभ की गई। ज्ञात हो कि उक्त परीक्षा के लिए जिले में कुल 16 हजार 50 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला समन्वयक केंद्र में आज परीक्षा के दौरान 201 परीक्षार्थियों में से 6 अनुपस्थित रहे जिसमें हिंदी विशिष्ट के 2 व अंग्रेजी विशिष्ट के 4 अनुपस्थित थे। परीक्षा के लिए एक दिन पूर्व ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। ज्ञात हो कि इस बार बिल्कुल नए पैटर्न पर परीक्षा ली जा रही है।

## आदिवासी जल-जंगल-जमीन के असली रखवाले : कवासी लखमा

### आदिवासियों का गांव उजाड़कर उद्योग स्थापित करना सही नही

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्ववती सरकार ने आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों की अनदेखी की, आदिवासियों की जमीनें छीनकर टाटा जैसे बड़े उद्योग को थमा दिया। लेकिन कांग्रेस सरकार ने पीड़ित आदिवासियों के दर्द को समझा और राज्य में सरकार बनते ही सबसे पहला काम यही किया कि आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस की। राज्य की कांग्रेस सरकार ने इतिहास रचते हुए सरकार बनने के चंद घंटों के भीतर ही किसानों के कर्ज माफी का ऐलान किया और धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए किया। यह भी पहला मामला होगा जब राज्य सरकार ने किसी उद्योग के लिए अधिग्रहित की गई आदिवासियों की जमीनें वापस आदिवासियों को दिलाई हो।



उक्त बातें प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आज प्रेसक्लब में आयोजित रूबरू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। लखमा ने बताया कि यह कांग्रेस पार्टी ही है जिसने एक किसान के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी ने उनके जैसे साधारण से आदिवासी को लगातार 5 बार टिकट दिया और आज मंत्री भी बनाया। कांग्रेस शुरू से ही पिछड़ों, गरीबों, आदिवासियों के हितों के लिए लड़ने वाली पार्टी रही है और आज भी राज्य की कांग्रेस सरकार इसी दिशा में निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में टाटा को जो जमीन दी गई थी, उस पर क्या काम हुआ? क्या आदिवासियों को इसका लाभ मिला? भाजपा सरकार की नीति और रीति के चलते टाटा कंपनी भी अब बस्तर को टाटा-टाटा-बाय-बाय करके चली गई है।

## 15 मार्च तक रद रहेंगी आठ जोड़ी एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें

**बिलासपुर (आरएनएस)।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला से झारसुगुड़ा और बिलासपुर स्टेशनों के बीच अपग्रेडेशन का कार्य 15 मार्च तक चलेगा। रेलवे अपग्रेडेशन कार्य के कारण हावड़ा-मुंबई मेन लाइन में चलने वाली दो पैसेंजर और छह एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले रेलवे ने इन ट्रेनों को दो फरवरी से एक मार्च तक विभिन्न तिथियों में रद्द करने का निर्णय लिया था।

### ये पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद

ट्रेन नंबर 58113 टाटानगर इतवारी पैसेंजर 1 से 14 मार्च तक।

ट्रेन नंबर 58114 बिलासपुर- टाटानगर पैसेंजर 2 से 15 मार्च तक ।

### ये एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी रद



ट्रेन नंबर 22886 टाटानगर-एलटीटी अंत्योदय एक्सप्रेस 3,7,10, व 14 मार्च।

ट्रेन नंबर 22885 एलटीटी-टाटानगर अंत्योदय एक्सप्रेस 5,9,12, व 16 मार्च तक।

ट्रेन नंबर 12767 हुजूर साहेब नांदेड-संतरागाछी एक्सप्रेस 4 और 11 मार्च को।

ट्रेन नंबर 12768 संतरागाछी-हुजूर साहेब नांदेड़ एक्सप्रेस 6 और 13 मार्च को।


12870 हावड़ा-सीएसटीएम मुंबई डुप्लीकेट गीतांजली एक्सप्रेस 1 और 8 मार्च को ।

12869 सीएसटीएम-हावड़ा एक्सप्रेस डुप्लीकेट गीतांजली 3 और 10 मार्च को।

## शिक्षक मितानों की मानदेय राशि में कमीशनखोरी की जांच होगी-मुख्यमंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के शिक्षक मितानो को मिलने वाली मानदेय राशि पर हो रहे घोटाले की जांच कराने की घोषणा की।

प्रश्नकाल में आज सत्ता पक्ष के सदस्य बृहस्पत सिंह ने राज्य में कार्यरत शिक्षक मितानो की संख्या और उनके मानदेय राशि का मामला उठाया। उन्होंने जानना चाहा कि शिक्षक मितान को कितना मानदेय दिया जा रहा है। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2185 शिक्षक मितान है तथा प्रति मितान को 10 से 15 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। इस पर कांग्रेस सदस्य बृहस्पत सिंह ने सवाल उठाया कि शिक्षक मितान को दी जाने वाली मानदेय राशि गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रति शिक्षक मितान के नाम पर 28 हजार रूपये सरकारी खजाने से निकल रहा है लेकिन शिक्षक को सिर्फ 10 से 15 हजार रुपये ही मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा इसमे कमीशनखोरी की जा रही है। सरकार द्वारा शिक्षक के लिए दी जा रही 28 हजार राशि मे से 10 से 15 हजार कमीशन एजेंसी द्वारा लिया जा रहा है।



## सामान्य वर्ग को आरक्षण लागू करने का मामला शून्यकाल में उठा

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान भाजपा सदस्यो द्वारा सवर्णो को आरक्षण देने और प्रदेश में इसे लागू करने की मांग उठी। विपक्षी सदस्यों ने आसन्दी से कहा कि इस मामले में स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण दोनों दिए गए है किसी भी रूप में सदन में इस पर चर्चा कराये। आसन्दी की ओर से प्रस्ताव को विचाराधीन कहे जाने पर शौर शराबा करते हुए नारेबाजी भी की। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा भी आरक्षण देने की घोषणा की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा इसको लागू नही किये जाने के कारण राज्य के लोगों को इसका लाभ नही मिल पायेगा। विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार इस मामले में सदन में चर्चा करने की मांग के बाउजूद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही आगे बढ़ा दी गई। जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए आसन्दी के गर्भगृह में चले गए और स्वयंमेव निलंबित हो गए।

## मुख्यमंत्री ने कमिश्नरों को कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण की दृष्टि से राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यालयीन अवधि में अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसी तरह लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि वे राज्य के सभी पांचों संभागों के कमिश्नरों को पत्र लिखकर निर्देशित करें कि वे अपने प्रभार के जिलों के मैदानी कार्यालयों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण करें और शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करें। उन्होंने कहा है कि कई बार अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण आम नागरिकों को उनकी छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, इससे कार्यों में अनावश्यक विलंब होता है और असंतोष की भावना उत्पन्न होती है।

## नान घोटाला मामले में धरमलाल कौशिक की याचिका पर सुनवाई टली, अगली सुनवाई 14 को

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नान घोटाला मामले में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक की याचिका पर सुनवाई टल गई है। बता दें कि हाईकोर्ट चीफ़ जस्टिस अजय कुमार त्रिपाठी और जस्टिस पी.पी. साहू के डिवीजन बैंच में सुनवाई होनी थी। याचिकाकर्ता धरमलाल कौशिक ने नॉन घोटाले में गठित एसआईटी को लेकर जनहित याचिका दायर किया है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने राज्य सरकार के एसआईटी गठन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## रोजाना हर 3 में से 1 शख्स ब्रश करना भूल जाता है



आपको लगता होगा कि सिर्फ बच्चे ही दांतों की साफ-सफाई को लेकर लापरवाह होते हैं। लेकिन तब क्या जब आपको पता चलेगा कि हर तीन में एक शख्स अक्सर अपने दांत ब्रश करना ही भूल जाता है। जी हां, यह दावा ब्रिटेन में हुई एक रिसर्च में किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 2,000 वयस्क लोगों के बीच यह स्टडी की और पाया कि इनमें से बहुत से दांतों की साफ-सफाई को लेकर खास जागरुक नहीं हैं। ये अपने दांतों और मुंह को स्वस्थ रखने के लिए कुछ खास मेहनत भी नहीं करते।

**चुइंग गम से कर रहे थे दांत साफ**

इनमें 10 में से एक का कहना था कि वे टूथपेस्ट करने की जगह चुइंग गम चबाकर अपने दांत साफ रखते हैं। 80 प्रतिशत लोगों ने माना कि वे वर्तमान में मुंह की समस्याओं से गुजर रहे हैं या उसके मरीज रह चुके हैं। इन समस्याओं में दांतों की संवेदनशीलता (33 प्रतिशत), कैविटीज (32 प्रतिशत) और मसूड़ों से खून निकलने की परेशानी (31 प्रतिशत) शामिल थी।

सर्वे में शामिल केवल नौ प्रतिशत लोगों ने माना कि मुंह के स्वास्थ्य का अहम स्थान है। यह स्थिति तब है जब मुंह से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं दुनिया भर में सबसे आम और लंबे समय से चली आ रही बीमारियां मानी जाती हैं।

**मुंह की देखभाल सबसे आखिर में**

जब सर्वे में शामिल लोगों से स्वस्थ जीवनशैली की प्राथमिकताएं पूछी गईं तो मुंह की देखभाल का नंबर काफी बाद में आया। इससे पहले डायट, वजन और मानसिक स्वास्थ्य को रखा गया।

एक टूथपेस्ट कंपनी द्वारा आयोजित इस सर्वे में यह भी पता चला कि 43 प्रतिशत लोगों को यह जानकारी ही नहीं थी कि मुंह को स्वस्थ रखने के क्या तरीके होते हैं। सर्वे में हिस्सा लेने वाले डेंटिस्ट डॉक्टर मिलाद शदरूह कहना था, अधिकांश लोग मानते हैं कि मुंह के स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ दांतों की देखभाल होता है, जबकि जीभ, गाल और मसूड़ों में ढेरों बैक्टीरिया रहते हैं। इन्हें भी दांतों की ही तरह देखभाल की जरूरत होती है तभी मुंह का संपूर्ण स्वास्थ्य हासिल हो सकेगा।

## अब हॉरर फिल्म की तैयारी कर रही हैं कटरीना कैफ?



ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ की आने वाली फिल्म भारत का पिछले काफी समय से बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। जब से सलमान खान स्टारर इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है तभी से यह लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। यह फिल्म अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बन रही है और इससे पहले कटरीना उनके साथ मेरे ब्रदर की दुल्हन और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में कर चुके हैं।

हाल में कटरीना से इस बारे में पूछा गया कि आखिर उन्होंने कौन से जॉनर की फिल्मों में काम नहीं किया है। इसके जवाब में कटरीना ने तुरंत कहा कि उन्होंने अभी तक हॉरर फिल्म में काम नहीं किया है। इसी सवाल के जवाब में अली अब्बास जफर ने कहा कि उन्होंने कटरीना के लिए एक हॉरर फिल्म लिखी है। हालांकि अली के मजाकिया लहजे से यही माना जा सकता है कि वह केवल मजाक ही कर रहे होंगे और ऐसी किसी फिल्म को बनाए जाने की प्लानिंग नहीं है।

## अपने टिक टॉक विडियो में धमाल मचाती दिख रही हैं सपना चौधरी



सपना चौधरी सोशल मीडिया की क्वीन बन चुकी हैं और अपने इंस्टाग्राम पर अक्सर ही फैन्स के लिए अपने विडियोज़ और तस्वीरें पोस्ट किया करती हैं। सपना के टिक टॉक विडियो को उनके चाहने वाले काफी पसंद करते हैं और यही वजह है कि बीच-बीच में वह अपने ऐसे विडियो जरूर पोस्ट किया करती हैं।

सपना ने एक लेटेस्ट टिक टॉक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह आदत हो चुकी है तेरी पर गाती नजर आ रही हैं। सपना इस विडियो में पर्पल कलर की ड्रेस में काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं।

पिछले दिनों सपना ने एक अन्य टिक टॉक विडियो पोस्ट किया, जिसमें वह ब्लू ड्रेस में नजर आ रही हैं और नींद चुराई मेरी किसने ओ सनम गाना पर डांस करती दिख रही हैं। इस विडियो में उनके साथ एक और लड़की डांस करती नजर आ रही हैं।

इसके अलावा उन्होंने एक और विडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह इसी लड़की के साथ हमारा है क्या यार हम हैं दीवाने पर डांस करती दिख रहीं। बता दें कि हाल ही में सपना की फिल्म दोस्ती के साइड इफेक्ट्स रिलीज़ हुई थी, जिसमें वह आईपीएस अधिकारी की भूमिका में नजर आई हैं।